हादसा | ग्राम झांपी टोला पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

# आम के पेड़ से टकराकर बाइक चालक की मौत



**गोहपारू, नवभारत।** गोहपारू थाना क्षेत्र में एक फिर हृदय विदारक हादसा हुआ है जिसमें एक बाइक चालक युवक आम के पेड़ से टकराने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जाता है बुधवार को ग्राम झांपी टोला पेट्रोल पंप के पास लगभग 4 बजे एक बाइक आम के पेड़ से टकराने से बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना गोहपारू पुलिस को दी जिसकी सूचना मिलते ही गोहपारू पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर देखा एव कैसे सड़क दुर्घटना हुई है पता लगाने में गोहपारू पुलिस प्रयास कर रही है एवं शव को अपने कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू में रखा गया है। बाइक चालक का अभी नाम स्पष्ट नहीं हो पाया है। बाइक सवार अपनी ही बाइक हीरो कम्पनी की एचएफ डीलक्स कंपनी की बाइक गाड़ी नंबर एमपी 18 जेडई 5035 से आम के पेड़ में टकराने पर बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। ज्ञातव्य हो कि शहडोल मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण लगातार घटनाएं हो रही हैं।

## तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार युवती व एएसआई को किया घायल

- मेडिकल कॉलेज चौराहे के पास की घटना




**शहडोल।** सोहागपुर थाना क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज चौराहे पर एक बार फिर तेज रफ्तार वाहन हादसे का कारण बना। रायपुर से रीवा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवती और मेडिकल कॉलेज चौकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, स्कूटी सवार युवती मेडिकल कॉलेज की ओर से बस स्टैंड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान स्कूटी अचानक कार के सामने आ गई। युवती को बचाने के प्रयास में कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित चाय की गुमटी में जा घुसी।

घटना के समय गुमटी पर मेडिकल कॉलेज चैकी में तैनात एएसआई भैरव सिंह चाय पी रहे थे, जिन्हें हादसे में मामूली चोटें आई हैं। दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कार के शीशे को गुमटी में लगी मोटी लकड़ी ने आर-पार कर दिया।हादसे में स्कूटी सवार युवती और कार चालक को भी हल्की चोटें पहुंची हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सोहागपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी भूपेंद्रमणि पांडे ने बताया कि स्कूटी सवार को बचाने के दौरान कार चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे यह हादसा हुआ। मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज चैराहा लंबे समय से ब्लैक स्पॉट बना हुआ है। यहां लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। बावजूद इसके यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सड़क किनारे लगे ठेले और गुमटियां भी दुर्घटनाओं की वजह बन रहे हैं। लोगों ने यहां स्पीड ब्रेकर और अन्य सुरक्षा उपायों की मांग दोहराई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



# कॉर्निया रिट्रीवल से नेत्रहीनों को मिलेगी नई रोशनी

- संभाग में पहली बार सफल कॉर्निया रिट्रीवल से शहडोल मेडिकल कॉलेज को मिली बड़ी सफलता

**शहडोल ।** मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. बी. रामटेके ने जानकारी दी है कि बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय , शहडोल में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई है। संस्थान में पहली बार सफलतापूर्वक कॉर्निया रिट्रीवल की प्रक्रिया संपन्न की गई, जिससे किसी नेत्रहीन व्यक्ति को दृष्टि मिलने की आशा जगी है।

यह उपलब्धि पूरे संभाग स्तर पर प्रथम है ।यह महत्वपूर्ण कार्य नेत्र रोग विभाग द्वारा संपन्न किया गया, जो चिकित्सा सेवा के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### इनके नेतृत्व में किया गया मरीज का ऑपरेशन

कॉर्निया रिट्रीवल की इस प्रक्रिया को नेत्र रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. धीरेंद्र पांडे के द्वारा नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. प्रणदा शुक्ला एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शोएब अर्शद के नेतृत्व में किया गया। साथ ही इस प्रक्रिया में गुलाब सिंह, रिफ्रेशनिस्ट, नर्सिंग ऑफिसर्स राहुल प्रजापति एवं ज्योति चैहान द्वारा सहयोग दिया गया । इसके अतिरिक्त, मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कोरी का सहयोग भी इस प्रक्रिया को सफल बनाने में उल्लेखनीय रहा। यह उपलब्धि न केवल बीएमजीएमसी शाहडोल के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे संभाग में नेत्रदान एवं नेत्र प्रत्यारोपण सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक सशक्त कदम है। इससे भविष्य में दृष्टिहीन मरीजों को नई रोशनी मिलने की संभावनाएँ और अधिक सुदृढ़ होंगी।

# पत्रकार चंद्रेश मिश्रा का निधन



**शहडोल।** धनपुरी नवभारत के संवाददाता चंद्रेश मिश्रा का हार्ट अटैक आने से आकस्मिक निधन हो गया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार खबर लिखते समय अचानक हुई बेचैनी के कारण वह कार्यालय के बाहर आने के दौरान गश्त खाकर गिरे जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

यह घटना जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के धनपुरी नं 3 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पास की है। पत्रकार साथी चंद्रेश मिश्रा अनूपपुर के वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा के छोटे भाई एवं वरिष्ठ पत्रकार सनत शर्मा के भांजे है।

नवभारत परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देवें और परिवार को इस दुख के सहने की शक्ति प्रदान करें।

# स्व-सहायता समूह से जोड़कर महिलाओं के नाम ले लिया फर्जी लोन

- कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंची आदिवासी महिलाएं



**शहडोल ।** जिले में आदिवासी महिलाओं के साथ ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम शिल्पी सहित आसपास के गांवों की दर्जनों आदिवासी महिलाएं मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को अपनी पीड़ा बताई।

पीड़ित महिलाओं ने आरोप लगाया कि स्व-सहायता समूह से जोड़ने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर उनसे दस्तावेजों पर अंगूठा लगवाया गया। बाद में इन्हीं अंगूठों का दुरुपयोग कर उनके नाम पर लाखों रुपये का फर्जी ऋण उठा लिया गया। महिलाओं का कहना है कि वे अधिकतर अनपढ़ और आर्थिक रूप से कमजोर हैं। बेला बाई सिंह नामक महिला ने खुद को स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष बताकर भरोसे में लिया और रोजगार व आर्थिक सहायता का झांसा दिया। इसी दौरान महिलाओं से कागजातों पर अंगूठा लगवाया गया, लेकिन उन्हें इस बात की भनक तक नहीं लगी कि उनके नाम पर सत्या माइक्रो कैपिटल लिमिटेड कंपनी से भारी-भरकम लोन ले लिया गया है। पीड़ितों ने बताया कि अब माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी उनके घर-घर पहुंचकर ऋण की वसूली का दबाव बना रहे हैं।

लगातार पैसों की मांग से महिलाओं और उनके परिवारों में डर और तनाव का माहौल है। कई महिलाओं ने बताया कि वे मजदूरी कर जीवन यापन करती हैं और इतनी बड़ी राशि चुकाना उनके लिए असंभव है।कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं को आश्वस्त किया कि उनके साथ न्याय होगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फर्जी ऋण प्रकरणों की त्वरित जांच कर उन्हें निरस्त कराने और पीड़ित महिलाओं को शीघ्र राहत दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।



# कन्या महाविद्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

**शहडोल ।** शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय शहडोल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ' स्माइल केयर डेंटल क्लीनिक शहडोल' के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. विजय श्रीवास्तव द्वारा छात्राओं को दांतों से संबंधित होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्रदान की और छात्राओं को दांतों की सफाई नियमित रूप से एवं उचित तरीके से करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही पायरिया बीमारी के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। डॉ. निहारिका खरे (डेंटल सर्जन) के द्वारा छात्राओं का चेक अप किया गया एवं स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के लिए जानकारी दी गई।

शिविर में लगभग 200 छात्राओं एवं 30 स्टाफ का परीक्षण किया गया । रा. से.यो. अधिकारी डॉ यमुना धुर्वे के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव श्रीवास्तव, डॉ. कुमुद सांडया, डॉ. सुनीता सिंह मरकाम, प्रो. बीके सिंह, प्रो. आर.एस. पासी एवं समस्त स्टाफ, बड़ी संख्या में छात्राएं में उपस्थित रहीं।

# पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मिलेगा लाभ

- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आवेदन मार्च 2026 तक



**शहडोल।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जनजागरूकता हेतु प्रेस कॉन्फ्रेंस कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के जबलपुर हेड समीर शुक्ला ने बताया कि पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मार्च 2026 तक आवेदन आमंत्रित किये गए है। उन्होंने बताया कि आवेदन नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप जाकर, ऑनलाइन एवं नजदीकी सीएससी सेंटर के माध्यम से कर सकते है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए गरीब परिवारों की महिलाएँ, जिनके परिवार में पहले से कोई एलपीजी कनेक्शन न हो, आवेदक की पात्रता, वंचना, घोषणा पत्र के आधार पर तय की जाएगी और ज़िला उज्ज्वला समिति द्वारा सत्यापित की जाएगी। योजना के लिए ईकेवाईसी फॉर्म (फोटो सहित) (आवेदनसमस्त एलपीजी डिस्ट्रिब्यूटरशिप पर उपलब्ध है, निवास प्रमाण पीओए' (यदि आधार का निवास स्थान वर्तमान पते से अलग हो), परिवार संरचना दस्तावेज़ (राशन कार्डञ्राज्य शासन दारा जारी प्रमाण पत्र, दस्तावेज़), आवेदक तथा परिवार के सभी वयस्क सदस्यों का आधार, बैंक खाता का विवरण, वंचना घोषणा पत्र, प्रवासी परिवारों के लिए पीओए और परिवार संरचना दस्तावेज़ हेतु स्व-घोषणा पत्र दस्तावेज आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 25 लाख अतिरिक्त नि:शुल्क एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए हैं। इस निर्णय से आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती रसोई ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता और सशक्त होती है। प्रेसवार्ता में इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड मैनेजर नवीन बिसेन, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता उपस्थित रहे।

# खनिज विभाग ने जब्त किए ओवर लोड वाहन

**कटनी।** अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा टास्क फोर्स बैठक में दिए गए थे। जिसके बाद खनिज और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शहर के सभी मुख्य मार्गो से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गई। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि रात 11 बजे से मध्य 3 बजे तक झिंझरी बाईपास, पन्ना नाका, चाका बाईपास, बड़वारा रोड मझगवां में वाहनो की जांच की गई। जांच में सुरकी टैंक के पास गिट्टी का ईटीपी से अधिक मात्रा का परिवहन करते पकड़ा गया। इसके बाद अमले द्वारा पन्ना नाका नहर के पास लेटराइट खनिज अधिक मात्रा पाए जाने पर जब्त किया गया। दोनों जब्त वाहनों को पुलिस थाना प्रभारी के सहयोग से कुठला पुलिस थाना में खड़ा कराया गया। दोनों वाहनो में अवैध परिवहन के प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

# राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में शहडोल को मिला तृतीय स्थान

- कोच मोहम्मद इमरान के कुशल प्रशिक्षण से हासिल किया स्थान



**शहडोल ।** 44वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली जिला खो-खो संघ शहडोल की 15 सदस्यीय टीम ने कोच मोहम्मद इमरान के प्रशिक्षण में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता जबलपुर में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित की गई थी। टीम की इस उपलब्धि का श्रेय मुख्य रूप से कोच मोहम्मद इमरान को जाता है, जिनके कुशल प्रशिक्षण, अनुशासन और प्रेरणादायक मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कोच मोहम्मद इमरान वर्षों से खो-खो जैसे पारंपरिक खेल को नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। और वह खुद भी राष्ट्रीय खिलाडी है। इस उपलब्धि पर धनपुरी नगर पालिका की अध्यक्ष रविंदर कौर छावड़ा एवं बुढ़ार नगर परिषद की अध्यक्ष शालिनी सरावगी जी ने खिलाड़ियों एवं कोच को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने जिले में खेलों को और अधिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ।यह सफलता जिले के विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सम्मान, पहचान और कैरियर का मजबूत माध्यम है। खो-खो जैसे भारतीय खेलों को अपनाकर युवा प्रदेश व देश स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं ।जिला खो-खो संघ शहडोल ने अपेक्षा व्यक्त की है कि भविष्य में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिले में और अधिक खेल प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी, जिससे शहडोल खेलों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छू सके। कोच मोहम्मद इमरान ने बताया 'खो-खो सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, गति और टीम भावना का प्रतीक है। युवा वर्ग खेल को अपनाए और अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रखे।' राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को लक्ष्य बनाकर हमने 15 दिनों का सघन प्रशिक्षण शिविर बूढ़ार के कुशाभाऊ ठाकरे खेल मैदान में लगाया, जहाँ खिलाड़ियों ने पसीना बहाकर खुद को साबित किया। सीमित संसाधन कभी हमारी राह नहीं रोक सकते, जब इरादे मजबूत हों। यह तृतीय स्थान सिर्फ एक पदक नहीं, बल्कि शहडोल के युवाओं के आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत है। मेरा संकल्प है कि शहडोल का हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी खो-खो के ज़रिये प्रदेश, देश और दुनिया में अपना परचम लहराए।' साथ ही शहडोल जिले के खेल प्रेमी अपने खिलाडियों का हौसला बढाने के लिए सीनियर खिलाडी दिव्यांशु सिंह राणा, महेंद्र सिंह, ऋषभ सेन,सिब्बू यादव एवं खो-खो के विशिष्ट विवेक यादव जी भी वहा पहुँचकर टीम का हौसला बढाया।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में शहडोल की टीम ने नेशनल स्टेज पर रचा इतिहास




**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल महाविद्यालय, शहडोल के खेल विभाग से चयनित टीम टाइगर बाइट्स ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 में राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचकर शहडोल जिले का नाम देशभर में रोशन किया। इस टीम का नेतृत्व आकृति सिंह परिहार ने किया, जिन्होंने टीम लीडर के रूप में अपनी नेतृत्व क्षमता, निर्णय-क्षमता और व्यावसायिक समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आयोजित देश का सबसे बड़ा नवाचार मंच है। इसका आयोजन कोयंबटूर, तमिलनाडु में किया गया, जहाँ देशभर से चयनित प्रतिभागियों ने 36 घंटे तक निरंतर कार्य करते हुए तकनीकी एवं व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। टीम लीडर आकृति सिंह परिहार ने हैकाथॉन के दौरान न केवल टीम का प्रभावी संचालन किया, बल्कि बिज़नेस प्रपोज़ल प्रस्तुत कर समाधान की बाज़ार-उपयोगिता और भविष्य की संभावनाओं को स्पष्ट रूप से सामने रखा। उनकी प्रस्तुति ने निर्णायकों को प्रभावित किया और टीम के कार्य को एक ठोस दिशा प्रदान की।

इस उपलब्धि में डॉ. मनीष तरांग का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा, जिन्होंने टीम के मेंटोर के रूप में पूरे प्रोजेक्ट को तकनीकी और रणनीतिक मजबूती प्रदान की। वहीं एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ. हरिवंश लाल मरावी के नेतृत्व और प्रेरणा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसके साथ ही महाविद्यालय के अन्य सभी शिक्षकों का निरंतर सहयोग टीम के लिए संबल बना ।आकृति सिंह परिहार, पिता अरुण सिंह परिहार एवं माता संतोष सिंह परिहार की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार, बल्कि पंडित शंभूनाथ शुक्ल महाविद्यालय, डठ। विभाग और संपूर्ण शहडोल जिला गौरवान्वित हुआ है ।यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि शहडोल की प्रतिभाएँ भी राष्ट्रीय मंच पर नेतृत्व, नवाचार और आत्मविश्वास के साथ अपनी सशक्त पहचान बना सकती हैं।

# भाजपा जिला मंत्री बनाए गए प्रशांत राय

**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी में सिलौंडी मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत राय को जिला मंत्री बनाने से पूरे सिलौंडी क्षेत्र में खुशी की लहर है। भारतीय जनता पार्टी में पिछले 20 वर्षों से लगातार पार्टी की सेवा में तत्पर, दो बार सिलौंडी मंडल अध्यक्ष का दायित्व कुशलता से निर्वहन करने वाले डॉक्टर प्रशांत राय को भाजपा जिला कार्यकारणी में जिला मंत्री बनाने जाने से कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। डॉक्टर प्रशांत राय ने बताया कि भाजपा जिला कार्यकारणी में मिले दायित्व का कुशलता पूर्वक संगठन का कार्य करूंगा। लगातार जन सेवा ही जीवन का उद्देश्य बनाकर कार्य किया है और लगातार आम जनता और कार्यकर्ता के बीच रहकर कार्य करता रहूंगा।

# कंट्रोल रूम पहुंची लेन-देन और धोखाधड़ी की शिकायतें

- पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों को सुनकर दिए निराकरण के निर्देश



**नवभारत, कटनी ।** पुलिस कंट्रोल रूम में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने आवेदकों की समस्याएं सुनी और नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के अलावा पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारियों ने आवेदकों की समस्या सुनकर निराकरण कराने का अश्वासन दिया।

जनसुनवाई में 35 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से आपसी विवाद, पारिवारिक विवाद, पैसों के लेन-देन से संबंधित मामले, सुनवाई नहीं होने की शिकायतें, प्लॉट, जमीन संबंधी धोखाधड़ी, भूमि विवाद, महिला अपराध से संबंधित प्रकरण और अन्य पुलिस संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रत्येक आवेदक की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके निराकरण के लिए संबंधित थाना, अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कुछ शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित होने के कारण आवेदकों को संबंधित विभाग से संपर्क कर नियमानुसार कार्रवाई कराने के लिए समझाइश दी गई।